'सेमीकान इंडिया-2024' की मेजबानी करेगी सरकार

नोएडा में सेमीकंडक्टर का निर्माण करने वाली कंपनियां लेंगी प्रदर्शनी में हिस्सा

- प्रधानमंत्री मोदी करेंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन, सीएम भी रहेंगे मौजूद
- 11 से 13 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट का होगा आयोजन

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे रहे इंडिया एक्सपो मार्ट में 'सेमीकान इंडिया-2024' प्रदर्शनी की मेजबानी उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

दुनिया भर में सेमीकंडक्टर क्षेत्र का बाजार 2026 तक 55 बिलियन डालर से अधिक हो जाएगा। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार भी इस क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए सेमीकंडक्टर उद्योगों को आमंत्रित कर रही है। 'सेमिकान इंडिया 2024' में सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर में सेमीकंडक्टर का निर्माण करने वाली कंपनियां अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शनी में पहले दिन भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर एक प्रस्तुतीकरण भी दिया जाएगा। दूसरे दिन साझेदारी, फ्लेक्सिबल हाइब्रिड इलेक्ट्रानिक्स, आपूर्ति चेन प्रबंधन सहित कई सत्र आयोजित होंगे। अंतिम दिन 13 सितंबर को सेमीकंडक्टर के उपयोग पर और लाभ पर प्रस्तुतीकरण होगा।

प्रदर्शनी में आने वाली विभिन्न देशों की कंपनियों के प्रतिनिधि स्थानीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे और भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर उद्योग के बारे में जानकारी लेंगे। राज्य सरकार प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए सेमी कंडक्टर नीति भी बनाई गई है।

पिछले सात वर्षों में प्रदेश में उद्योगों के अनुकूल तैयार हुए वातावरण के चलते 200 से अधिक इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी इकाइयां स्थापित की हैं। इसके चलते उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक उत्पादों व मोबाइल फोन के निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। वर्तमान में देश भर में मोबाइल फोन के निर्माण के क्षेत्र में 65% कब्जा उप्र का है। इसी क्रम में अब उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को भी विकसित किया जा रहा है।

नोएडा में आइकिया के फ्लैगशिप स्टोर 'लिकली' का आज शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व की अग्रणी फर्नीचर निर्माता कंपनी आइकिया के फ्लैगशिप स्टोर 'लिकली' का सोमवार को वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करेंगे। नोएडा के सेक्टर-51 में 48,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित होने वाले स्टोर के शिलान्यास समारोह में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी उपस्थित रहेंगे। आइकिया ने अपने इस प्रोजेक्ट को लिकली नाम दिया है। लिकली में एक शापिंग माल, रिटेल आउटलेट, आवासीय सुविधा और मीटिंग हाल होंगे। कंपनी स्टोर को विकसित करने में करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके स्थापित होने के बाद नौ हजार से अधिक रोजगार सृजन की बात कही जा रही है।